चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 135, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

सीईटी और आईएमएस में होगा फाइनल

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप में सोमवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट स्टेडियम में सेमीफाइनल मैच खेले गए। इसमें सीईटी-ए ने सीईटी-आर को दो विकेट से और आईएमएस-ए ने पैरामेडिकल को 61 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

पहले सेमीफाइनल में सीईटी-आर ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 116 रन बनाए। सीईटी-ए ने अंतिम ओवर में जीत हासिल की। सीईटी-ए के लिए 46 रन बनाने और दो विकेट लेने वाले उमंग को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच आईएमएस-ए और पैरामेडिकल (आईपीएस) की टीम के बीच हुआ। इसमें आईएमएस-ए ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 124 रन बनाए। पैरामेडिकल टीम को 61 रन से हार का सामना करना पड़ा। आईएमएस-ए के कप्तान रेहान अली को 29 गेंदों पर 44 रन बनाने और एक विकेट लेने पर मैन आफ द मैच चुना गया। मंगलवार सुबह दस बजे सीईटी-ए और आईएमएस-ए की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।